Reg. No. :- JH-11-0004329

# अपेम लाइव न्यूज

(Art, Agriculture, Press & Education, Health Management)

(अपेम ट्रस्ट के अंतर्गत बरही से संचालित एवं प्रसारित, Reg. No. :- 2020/BAR/80/BK/01)

दैनिक संध्या डिजिटल अखबार | सच का साथी | दिनांक 23-05-2022 | अंक 233

Website- www.apemlive.com संपर्क सूत्र 9550809864,9934337941,8969504178 Email Id- liveapem@gmail.com

## कलयुगी बेटा ने अपने पिता पर किया जानलेवा हमला

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**



बरही थाना अंतर्गत रानी. चुवा पंचायत के चलंगा निवासी रूपलाल पंडित उम्र 61 वर्ष स्व नांदो पंडित घरेलू विवाद में हुई मारपीट में घायल हो गए। प्राप्त जानकारी के अनुसार घायल व्यक्ति के बड़ा बेटा ने ही अपने पिता पर लाठी डंडे से जानलेवा हमला कर दिया, जिसमे वह गंभीर रूप से घायल हो गए। वहीं उनके परिजनों ने बरही अनुमंडलीय अस्पताल में भर्ती कराया जहां उनका प्राथमिक उपचार किया गया।

## माइक्रो फाइनेंस कंपनी के दबाव में आकर 29 वर्षीय युवक ने किया आत्महत्या, परिजनों ने थाना में दिया आवेदन

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**



बरही थाना अंतर्गत कोनरा पंचायत के आजाद मोहल्ला निवासी सागीर राय उम्र 29 वर्ष पिता खलील राय ने सोमवार सुबह 8 बजे फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया। वहीं मृतक की पत्नी समीना खातून उम्र 23 वर्ष ने बरही थाना में आवेदन देते हुए कहा की सटीन क्रेडिटकेयर नेटवर्क लिमिटेड एवं अन्य माइक्रो फाइनेंस कंपनी के द्वारा लोन ली थी। जिसके कारण लोन कंपनी अपने लोन वसूली के लिए लगातार तगादा कर रहा था, जिससे हम सभी परेशान थे आर्थिक स्थिति कमजोर थी। परंतु माइक्रो फाइनेंस कंपनी के कर्मियो का कहना था की आपको तय तिथि में ही पैसा देना पड़ेगा। एक ही सूरत में पैसा माफ होगी जब आप मर जाओगे, मेरे पति सागीर अंसारी दबाव से तंग आकर सोमवार सुबह 8 बजे खुद को एक कमरे में बंद करके फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया। वहीं गांव के ग्रामीणों के सहयोग से उन्हें बरही अनुमंडलीय अस्पताल ले जाया गया जहां डॉक. टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। वहीं मृतक सागीर की पत्नी समीना खातून ने बरही थाना में आवेदन देते हुए माइक्रो फाइनेंस कंपनियों पर कानूनी कार्रवाई करते हुए न्याय दिलाने की मांग की है। वहीं कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष इकबाल रजा, समाजसेवी मो कयूम, स्थानीय मुखिया प्रतिनिधि मो ता. जुद्दीन, मनोहर यादव, तौकीर रजा, मो तैयब सहित सैकड़ों लोग मृतक के परिजनों से मिलकर शोक प्रकट किया।

## 104 वर्षीय शिवचरण सिंह का निधन, शोक की लहर

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**



न्यू रेलवे क०लोनी रेलवे स्टेशन रोड़ बरही निवासी 104 वर्षीय शिवचरण सिंह का निधन सोमवार सुबह हो गई। सूचना मिलने के बाद काफी संख्या में उनके चाहने वाले लोग उनके दर्शन के लिए पहुंचे और शोक संवेदना व्यक्त किए। बरही नदी घाट पर उनके दामाद रवि सिंह ने मुखग्नि दी। अंतिम संस्कार में काफी लोग शामिल हुए। शिवचरण सिंह के निधन पर राजसिंह चौहान, अरुण शर्मा, दीपू ठाकुर, जीतू ठाकुर, झलक देव प्रसाद, विकास सिंह, मनजीत सिंह, विकास कुमार, अर्जुन सिंह, अरुण सिंह, प्रकाश सिंह , राहुल केशरी, मनोज सिंह, मुन्ना सिंह सहित कई लोग शामिल थे।

## कोल्हुआकला पंचायत से निर्वाचित पंचायत समिति सदस्य सुचिता देवी को एसडीओ ने शौपा प्रमाण पत्र

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**



पहले चरण के पंचायत चुनाव के तहत प्रखंड के विभिन्न पंचायत के पंचायत समिति सदस्य निर्वाचित होने के बाद अपना प्रमाण पत्र लेने सोमवार को अनुमंडल कार्यालय पहुंचे। इसी क्रम में कोल्हुआकला पंचायत से पंचायत समिति सदस्य के रूप में निर्वाचित हुई सुचिता देवी को निर्वाची पदाधिकारी सह एसडीओ ने प्रमाण पत्र सौंपा

## रसोईया धमना पंचायत के मुखिया प्रत्याशी मो० तसलीम ने जनता का जताया आभार

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**



रसोईया धमना पंचायत के मुखिया प्रत्याशी से तस्लीम अंसारी ने पंचायत चुनाव में मिली हार के बा. वजूद जनता का आभार जताया। वहीं उन्होंने तमाम रसोइया धमना पंचायत के मतदाताओं को विगत चुनाव में उनके पक्ष में मतदान करने के लिए आभार प्रकट किया है। साथ ही साथ उन्होंने कहा की जनता की सेवा के लिए हमेशा प्रयासरत रहेंगे। वहीं उन्होंने कहा की इतने बड़े स्तर पर मतदान करने वाली जनता बधाई के पात्र है। साथ ही मतदान प्रतिशत बढ़ाने में सहयोग करने के लिए प्रशासन, सामाजिक संगठ्न, व्यापार मंडल, मो. हल्ला समिति, युवा शक्ति सहित करियातपुर पंचायत के सभी ग्रामीणों का आभार प्रकट किए है।

## किसी नेक को चुने प्रमुख जिसे ब्लॉक प्रमुख का कार्य और अधिकार की हो जानकारी

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**




पंचायत चुनाव का परिणाम आते ही अब प्रमुख बनने के लिए प्रत्याशियों की होड़ लगी हुई है। प्रमुख प्रत्याशी रात रात में जाकर पैसों का लोभ लालच देकर खरीदना चाह रहे है। इसी संदर्भ में अपेम परिवार ने सभी निर्वाचित पंचायत समिति सदस्यों से अपील किया की प्रमुख पद के लिए वैसे प्रत्याशी को चुने जो ब्ल०क प्रमुख का कार्य और पदभार को जानता हो।

**ब्लॉक प्रमुख क्या होता है।**

ब्लॉक प्रमुख प्रखंड का अध्यक्ष होता है। ब्लॉक में आने वाली ग्राम पंचायतों का बजट ब्लॉक प्रमुख की अध्यक्षता में ही पास होता है।

**कैसे होती है ब्लॉक प्रमुख का चुनाव**

गांव के विकास के लिए प्रत्येक गांव का एक पंचायत समिति सदस्य बनाया जाता है। जिसका चयन उस गांव की जनता द्वारा मतदान के माध्यम से किया जाता है, जिसे हम सरपंच कहते है। प्रत्येक पांच वर्ष में पंचायत समिति सदस्य और क्षेत्र पंचायत सदस्य का चुनाव होता है। इन सभी सदस्यों का चयन गांव की जनता के द्वारा किया जाता है। इसके बाद निर्वाचित हुए क्षेत्र पंचायत सदस्यों में से किसी एक का मतदान द्वारा ब्ल०क प्रमुख के पद पर चयन किया जाता है, ब्लॉक प्रमुख के चुनाव में सिर्फ क्षेत्र पंचायत सदस्य ही मतदान कर सकते है।

**ब्लॉक प्रमुख बनने हेतु योग्यता**

उसे राजनीति के मामले में पहले से ही जानकारी होना आवश्यक है।

**ब्लॉक प्रमुख का कार्य और अधिकार**

ब्लॉक प्रमुख का मुख्य रूप से पंचायत समिति की बैठक का आयोजन, अध्यक्षता तथा संचालन करता है। ब्ल०क प्रमुख पंचायत समिति या स्थायी समिति के निर्णयों का कार्यनवान करने का अधिकार प्राप्त होता है। ब्लॉक प्रमुख को पंचायत समिति की वित्तीय और कार्यपालिका प्रशासन पर पूर्ण नियंत्रण रखने का अधिकार होता है। प्राकृतिक आपदा से क्षेत्र में प्रभावित जनता को राहत देने के लिए ब्लॉक प्रमुख एक वर्ष में कुल पच्चीस हजार तक की राशि स्वीकृत करने की शक्ति प्रदान की गई है, राशि स्वीकृत करने के बाद उसे पंचायत समिति के अगली बैठक में स्वीकृत राशि का सम्पूर्ण विवरण देना होगा।

**ब्लॉक प्रमुख का वेतन**

ब्लॉक प्रमुख पद पर चयनित व्यक्ति को प्रतिमाह 5000 रुपए मानदेय के रूप में प्राप्त होता है। इसके साथ ही ब्लॉक प्रमुख को कई प्रकार के भत्ते भी दिए जाते है।

## वटसावित्री पूजा 29 मई व सोमवती अमावस्या 30 मई को :- ज्योतिषाचार्य संदीप शर्मा

**अपेम लाइव : इटखोरी**



संदीप शर्मा

माँ भद्रकाली मंदिर पुजारी ज्योतिषाचार्य संदीप शर्मा बताते हैं कि इस वर्ष वटसावित्री पूजा 29 मई दिन रविवार को मनाया जाएगा क्योंकि नीतिशास्त्र के मर्मज्ञों का मत है कि अमावस्या में सुर्यास्त हो और उसके तीन मुहूर्त पूर्व अमावस्या पड़ जाए तो उसी दी वटसावित्री पूजन करना श्रेष्ठ होता है और इस वर्ष 29 मई को दिन 02:15 से अमावस्या प्रारम्भ हो रहा है जो कि लगभग 5 मुहूर्त पूर्व पड़ रहा है अतः 29 मई को ही वटसावित्री पूजन होगा वहीं बताते चलें कि पति की लम्बी आयु व उत्तम स्वास्थ्य के लिए सुहागिन स्त्रियों वटसावित्री का व्रत करती है इसमें वट वृक्ष के समक्ष पूजन कर अखण्ड सौभग्य की कामना करती हैं। पौराणिक कथाओं के अनुसार ज्योतिषाचार्य संदीप शर्मा बताते हैं कि सावित्री अश्वपति की कन्या थी, उसने सत्यवान को पति रूप में स्वीकार किया था। सत्यवान लकड़ियां काटने के लिए जंगल में जाया करता था। सावित्री अपने नेत्रहीन सास-ससुर की सेवा करके सत्यवान के पीछे जंगल में चली जाती थी। एक दिन सत्यवान को लकड़ियां काटते समय चक्कर आ गया और वह पेड़ से उतरकर नीचे बैठ गया। उसी समय भैंसे पर सवार होकर यमराज सत्यवान के प्राण लेने आए। सावित्री ने उन्हें पहचाना और सावित्री ने कहा कि आप मेरे सत्यवान के प्राण न लें लेकिन यमराज नहीं माने और वे सत्यवान के प्राण हरकर जाने लगे। सावित्री भी उनके पीछे-पीछे चलने लगी व यमराज से सत्यवान के प्राण लौटाने की प्रार्थना करने लगी। यमराज ने मना किया व वापस लौटने को कहा, मगर वह वापस नहीं लौटी। आखिरकार सावित्री के पतिव्रत धर्म से प्रसन्न होकर यमराज ने वर रूप में अंधे सास-ससुर की सेवा में आंखें दीं और सावित्री को 100 पुत्र होने का आशीर्वाद दिया और सत्यवान को छोड़ दिया। वट पूजा से जुड़ी हुई धार्मिक मान्यता के अनुसार ही तभी से महिलाएं इस दिन को वट अमावस्या के रूप में पूजती हैं। वहीं हिंदू धर्म में सोमवती अमावस्या का खास महत्व होता है। सोमवती अमावस्या 30 मई 2022, दिन सोमवार को है। सोमवार के दिन पड़ने वाली अमावस्या को सोमवती अमावस्या कहते हैं। धर्म शास्त्रों के अनुसार, सोमवती अमावस्या के दिन स्नान दान और पूजा पाठ का विशेष महत्व होता है। कहा जाता है कि इस दिन पवित्र नदियों में स्नान करने और दान करने से पुण्य की प्राप्ति होती है। शिव जी को समर्पित होने का कारण सोमवती अमावस्या का बहुत महत्व माना जाता है। इस दिन सुहागिन स्त्रियां पति की लंबी आयु के लिए व्रत करती हैं और पीपल के वृक्ष का पूजन करते हुए अपने पति की दीर्घायु होने की कामना करती हैं। इसके अलावा सोमवती अमावस्या के दिन पितरों को जल देने से उन्हें तृप्ति मिलती है और उनका आशीर्वाद प्राप्त होता है। साथ ही इस दिन कुछ उपाय करने से सौभाग्य में वृद्धि होती है। तो चलिए जानते हैं भाग्योदय के लिए सोमवती अमावस्या का व्रत करना चाहिए।

## धनवार पंचायत से निर्वाचित पंचायत समिति सदस्य संतोषी देवी को एसडीओ ने शौपा प्रमाण पत्र

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**



पहले चरण के पंचायत चुनाव के तहत प्रखंड के विभिन्न पंचायत के पंचायत समिति सदस्य निर्वाचित होने के बाद अपना प्रमाण पत्र लेने सोमवार को अनुमंडल कार्यालय पहुंचे। इसी क्रम में धनवार पंचायत से पंचायत समिति सदस्य के रूप में निर्वाचित हुई संतोषी को निर्वाची पदाधिकारी सह एसडीओ ने प्रमाण पत्र सौंपा

डेस्क प्रभारीः विकाश कुमार | सहयोगीः सोनू पंडित, | एडिटिंग- सोनू पंडित | मैनेजिंग डायरेक्टरः डॉ० अनिल कुमार

सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजीटल न्यूजपेपर

## संजय दुबे से मिले चौपारण भाग 3 के नव निर्वाचित जीप सदस्य आरती कौधल के पति सुधीर कौशल,

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**



सुधीर कौशल को बधाई देते संजय दुबे

चौपारण भाग 3 के जीप के नव निर्वाचित प्रत्याशी आरती कौशल के पति सहायक अध्यापक मोर्चा के राज्य प्रतिनिधि सुधीर कौशल रविवार को अपने सदस्यों के साथ झारखंड राज्य सहायक अध्यापक संघ के राज्य नेतृत्वकर्ता संजय दुबे से मिलने उनके आवास पर पहुंचे। मिलकर उनसे आशीर्वाद लिया। प्रदेश अध्यक्ष संजय दुबे ने उन्हें मिठाई खिलाकर बधाई दी । साथ ही साथ एकीकृत सहायक अध्यापक संघर्ष मोर्चा ने पारा शिक्षकों के परिजन का राजनीतिक में प्रवेश के लिए शुभकामना दिया और साथ ही साथ उनसे आग्रह किया आपने क्षेत्र का सर्वांगीण विकास करें । शिक्षा स्वास्थ्य और पेयजल का समस्या को दूर करें । सभी ने उन्हें आश्वस्त भी किया कि जहां आवश्यकता पड़ेगा सभी सहायक अध्यापक आपके साथ रहेंगे। सभी ने उनकी जीत पर बधाई दी और शुभकामना व्यक्त किया। इस कार्यक्रम में प्रदेश अध्यक्ष संजय कुमार दुबे, चौपारण कमिटि प्रखंड अध्यक्ष रामअवतार प्रजापति, सचिव सीताराम यादव, कोषाध्यक्ष मनोज कुमार ,सदस्य कैलाश साव, गणेश साव, शशि भूषण सिंह, भोला यादव ,गौतम सिंह, संजय यादव ,फौदी साव सहित लोग उपस्थित थे।

## शोकाकुल परिवार से मिले जीप सदस्य, बंधाया ढाढस



**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**

पड़रिया में सर्प दंश से नीतू देवी ( 28) पति सहदेव प्रसाद की मौत के बाद गांव में मातम पसर गया। सूचना के बाद सोमवार को जीप सदस्य किशुन यादव शोक संतप्त परिजनों से मिलने उनके आवास पहुंचे। परिजनों ने जीप सदस्य को घटना की जानकारी देते हुए बताया कि नीतू देवी मकई के खेत मे काम करने गई थी। इसी दौरान एक जहरीले सर्प ने उन्हें डस लिया। जिसके बाद उसकी हालत बिगड़ी। उन्हें पहले बरही अनुमंडलीय अस्पताल भर्ती किया गया। जहां प्राथमिक उपचार कर हज़ारीबाग़ रेफर कर दिया गया। हज़ारीबाग़ के निजी अस्पताल में इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। किशुन यादव ने शोक संवेदना प्रकट करते हुए हर संभव मदद का आश्वासन दिया। मौके पर जिला परिषद सदस्य किशुन यादव,पंचायत समिति सहदेव प्रसाद ,राजेन्द्र प्रसाद,समाजसेवी अरविंद कुमार, मुकेश कुमार, छोटेलाल पा. सवान, केदार राणा, लक्ष्मण महतो, कृष्णा पा. सवान, बाबूलाल पा. सवान,छोटी राणा, सहदेव राणा एवं अन्य लोग मौजूद थे।

## पडरिया कांड राजनीतिक कट्टरता की पराकाष्ठा,

### भाजपा ने पडरिया कांड के बाद विधायक के खिलाफ खोला मोर्चा

**अपेम लाइव : चौपारण**
**किशोर राणा**



भाजपा ने पडरिया में मुखिया के बिजय जुलुस में हुये हिंसक झडप में मारे गये बीरेंद्र सिंह को लेकर कांग्रेस विधायक उमाशंकर अकेला के खिलाफ़ मोरचा खोल दिया है। पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव ने भाजपा कार्यालय में प्रेस कांफ्रेंस कर विधायक को आडे हाथों लिया। कहा कि पडरिया कांड से एक बार फिर अकेला यादव का दागदार चेहरा और घिनौना करतूत जगजाहिर हुआ है। विधायक अकेला यादव का गैर जिम्मेदारी के कारण आज चौपारण में तनाव है। पडरिया पंचायत में घटी घटना वर्तमान विधायक अकेला के हनक और सनक, जनप्रतिनिधि होने के बावजूद एकपक्षीय समर्थन करने के कारण आज पूरे इलाके में तनाव हो गया। राजनीति में कट्टरता का स्थान नहीं है। पडरिया में जो घटना हुई वह हिंसा की पराकाष्ठा थी। समाज है। इस तरह की हिंसा की इजाजत किसी को नहीं देती। हिंसा में शामिल लोगों पर कठोर कार्रवाई होनी चाहिए। इन्हें किसी भी सूरत में बख्शना नहीं चाहिए परंतु जितना दोषी हिंसा में शामिल लोग हैं। उससे ज्यादा दोषी घटना के बाद पूरे मामले को भड़काने लोगों को उकसाने और एकपक्षीय व्यवहार करने वाला विधायक अकेला यादव दोषी है। विधायक और उसके बेटे रवि शंकर अकेला ने खुलकर सार्वजनिक रूप से एक पक्ष को गोली देने की बात कही। थाना में बैठ कर एकपक्षीय बात पुलिस और मीडिया के सामने कही। विधायक जनप्रतिनिधि होता है जो सभी वर्गों के प्रति उत्तरदायी होने का शपथ लेता है। परंतु अकेला यादव ने पडरिया को लेकर जो किया उससे आज पूरे क्षेत्र में तनाव हो गया है। एक जाति विशेष के प्रति इसके गलत निर्णय से आक्रोश की स्थिति बन गई है। अकेला यादव ने ककरौला की घटना को लेकर केवल एक पक्ष को जाना। अपने प्रतिनिधि बालकिशुन यादव के साथ हुये दुर्वयवहार को आधार बनाकर गांव में प्रदर्शन किया। फिर थाना में आकर धरना दिया। सुबह से लगभग छ सात घंटे वह वि. रोध करता रहा। थाना में शिकायत करने गये लोगों के साथ अपमानजनक टिप्पणी कर पुलिस का बेजा इस्तेमाल कर सभी को भगवा दिया। थाना में पुलिस के सामने ही सभी को पकड़ों सालों को मारों सालों को कह कर खदेड़वा दिया जातिसूचक शब्द का इस्तेमाल किया। इतना होने के बाद भी उसने एक बार भी घायल बीरेंद्र और अन्य की सुचना नहीं ली। अस्पताल में बेहतर ईलाज मिले इसका एक बार भी प्रयास तो दूर पूछना भी उचित नहीं समझा। इस बीच बीरेंद्र की मौत हो जाती है। अकेला यादव के भडकाउ भाषण जो उसने पुलिस के सामने थाना में दिया। इस बात का गवाही है कि उसने कानुन हाथ में लेकर लोगों को हिंसा करने कैलिऐ उकसाया । इस पूरे घटनाक्रम में वह बराबर का दोषी है। अब वह बचने के लिए गिडगिडा रहा है। ऐसे में हत्याकांड में शामिल लोगों के साथ विधायक और उसके बेटे पर कार्रवाई से ही बीरेंद्र सिंह हत्या का सही न्याय होगा। उन्होंने कहा कि जो लोग पूरे मामले को अपने आंखों से देखे और कानों से सुना उन्हें आगे आना चाहिए। कहा कि भा. जपा कार्यकर्ता बीरेंद्र सिंह के परिवार को मदद पहुंचायेगा। मौके पर पूर्व विधायक मनोज यादव, सांसद प्रति. निधि अर्जुन साहु व मुकुंद साहु, भाजपा जिला उपाध्यक्ष राजेश सहाय, मंडल अध्यक्ष मुकेश सिन्हा, राजदेव यादव, भाजयुमो अध्यक्ष रंजन सिंह, अनुमंडल सांसद प्रतिनिधि सीताराम साहु, सियाराम सिंह, सतेंद्र सिंह, बलराम कुमार, मनीष सिन्हा,रामाधीन पांडेय, मनोज मिश्रा समेत अन्य मौजूद थे।

## बरकट्ठा प्रखण्ड प्रमुख को लेकर जनसम्पर्क शुरू

### पूर्व प्रमुख से लेकर दो नए दावेदार आ रहे है सामने

**अपेम लाइव : बरकट्ठा**
**सुनिल कुमार**



बरकट्ठा प्रमुख के दावेदार

बरकट्ठा त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव परिणाम घोषित होने के बाद से प्रखण्ड प्रमुख बनाने को लेकर कवायदत शुरू हो चुकी है ज्ञात हो पिछले दो बार की तरह जैसे 2005 व 2010 में प्रखण्ड प्रमुख निर्वाचित होने में जमकर धनबल की जयकार हुए थे वही इस बार 2005 की प्रखण्ड प्रमुख प्रीति गुप्ता के पंचायत चुनाव जीतने के बाद से लेकर सबो की नजर उनके प्रखण्ड प्रमुख बनने के नजर से देखा जा रहा है ज्ञात हो इस बार पूरे प्रखण्ड में 24 पंचायत समिति सदस्य की सीट है जिनमे कम से कम प्रमुख बनने के लिए 13 सदस्यों का मत मिलना जरूरी है अब ऐसे में 13 पंचायत समिति सदस्यों की चांदी हो गयी है चुनाव में जमकर हुए खर्चे वसूलने का अवसर उन्हें सिर्फ प्रमुख व उपप्रमुख को मत देने में ही मिलना है ऐसे में सभी पंचायत समिति सदस्यों की नजर भी जेब से मजबूत प्रमुख दावेदार पर ही टिकी हुई है इस बार प्रमुख के दावेदारी को लेकर पूर्व प्रमुख प्रीति गुप्ता समेत दो नए दावेदार सलैया पंसस रेणु देवी जो वरिष्ठ कांग्रेसी नेता मणिलाल चौधरी की वधू है वही तीसरे कोण में वरिष्ठ भाजपाई नेता छोटेलाल मेहता की बहु व गयपहाड़ी पंसस कुमारी सुषमारानी है जो प्रमुख दावेदारी को लेकर सभी पंचायतों के नव निर्वाचित पंचायत समिति सदस्य से सम्पर्क कर रहे है अब देखना यह है कि निर्वाचित पंचायत समिति सदस्य अनुभव प्राप्त पूर्व प्रमुख प्रीति गुप्ता बाजी मारती है या नए निर्वाचित पंचायत समिति सदस्य रेणु देवी या सुषमा रानी ।लेकिन पर्दे के पीछे हो रही राजनीति में अपने अपने प्रमुख उम्मीदवार को लेकर समर्थन जुटाने की कोशिश जारी है ।

## कोनरा पंचायत से पंचायत समिति सदस्य के रूप निर्वाचित मो यूसुफ एवं अख्तरी खातून को निर्वाची पदाधिकारी ने शौपा प्रमाण पत्र

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**



बरही कोनरा पंचायत समिति सदस्य भाग 01 से निर्वाचित सदस्य मो यूसुफ अपने प्रतिद्विंदी मो मोकिम को 200 वोट से हराकर विजयी प्राप्त किए। वहीं कोनरा भाग 02 से अख्तरी खातून ने अपने निकटतम प्रतिद्विंदी हशबून निशा को 580 वोट से हराकर विजयी प्राप्त किए। वहीं सोमवार को बरही अनुमंडल में निर्वाची पदाधिकारी पूनम कुजूर ने प्रमाण पत्र सौंपा

## रसोइया धमना पंचायत समिति सदस्य मो तैयब ने जताया मतदाताओं का आभार

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**



रसोइया धमना पंचायत के नव निर्वाचित पंचायत समिति सदस्य मो तैयब ने अपनी जीत को मतदाताओं की जीत बताया है। रसोइया धमना पंचायत के मतदाताओं के प्रति उनके सपोर्ट को लेकर आभार जताया है। उन्होंने कहा कि रसोइया धमना पंचायत की जनता के मान सम्मान कभी कम नही होने दूंगा। उनसे किए गए हर वायदों को पूरा करूँगा। मो तैयब ने कहा कि पंचायत के लगभग 1150 मतदाताओं ने उस पर विश्वास जताया है। उनके विश्वास को हम टूटने नही देंगे। सबसे पहले वैसे लोगों की समस्या का समाधान करेंगे। जिनकी व्यक्तिगत समस्या है। राशनकार्ड, आयुष्मान कार्ड एवं वृधावस्था पेंशन, विधवा पेंशन से वंचित लोगों का सूची बनाकर उनका काम करूँगा। पंचायत की समस्या को प्रखंड में ले जाकर उसका समाधान का प्रयास करूंगा।

APEM
LIVE

डेस्क प्रभारीः विकाश कुमार सहयोगीः सोनू पंडित, एडिटिंग- सोनू पंडित मैनेजिंग डायरेक्टरः डॉ० अनिल कुमार

सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित डिजीटल न्यूजपेपर

## चुनाव जीतकर पंचायत को आदर्श पंचायत बनाऊंगी - निकिता

**अपेम लाइवः बडकागॉव**
**अमित मालाकार**



बड़कागांव मध्य पंचायत से युवा एवं कर्मठ महिला मुखिया उम्मीदवार निकिता ठाकुर, पति विशाल ठाकुर ने अपने समर्थकों के साथ डोर टू डोर जाकर मतदाताओं के बीच पर्चा बांटे एवं समर्थन में मतदान कर क्रमांक संख्या 5 चुनाव चिन्ह दूरबीन छाप पर वोट देने की अपील की। निकिता ने कही कि चुनाव जीतकर पंचायत में विकास कर पंचायत को आदर्श पंचायत बनाऊंगी। आगे उन्होंने पंचायत के सभी बुद्धिजीवी एवं वरिष्ठ मतदाताओं एवं ग्रामीणों से एक बार सेवा करने की मौका मांगी है। मौके पर उपस्थित लोगों में मुख्य रूप से अनीता देवी, कविता देवी, सविता देवी, चिंता देवी, पूनम देवी ,शांति देवी, ललिता देवी, सुनीता देवी, रीना देवी, हेमंती देवी ,बसंती देवी, कविता देवी, मधु देवी, अनु देवी और राजमणि देवी के अलावा कई महिला समर्थक पर उपस्थित थे।

## सबसे युवा पंचायत समिति सदस्य बने अशोक यादव

### युवाओ के राजनीतिक भागीदारी से ही बदलेगा पंचायत का तस्वीर : अशोक यादव

**अपेम लाइव : चौपारण**
**किशोर राणा**



त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव में इस बार युवाओ ने बढ़चढ़ हिस्सा लिया। भले ही कई उम्मीदवार चुनावी मैदान में फेल हो गए लेकिन बहुतों ने बाजी मारकर राजनीतिक एंट्री मार लिया है। बात सबसे युवा जनप्रतिनिधियों की करें तो पंचायत समिति सदस्य के रूप में गोविंदपुर पंचायत से महज 23 वर्षीय अशोक यादव ने चुनावी दंगल में सफलता हाशिल कर सबसे युवा समिति सदस्य बने। अशोक यादव ने चुनावी मैदान में युवा उम्मीदवार राहुल कुमार गुप्ता को पराजित कर जीत हाशिल। अशोक यादव ने चुनाव में भरोशा जताने के लिए जनता का आभार प्रकट करते हुए कहा कि आज के राजनीतिक में युवाओ का आना जरूरी है। कहा युवाओ के राजनीतिक भागीदारी से बदलेगा पंचायत का तस्वीर। कहा भारत युवाओ का देश है और युवाओ के बिना राजनीतिक की कल्पना करना अब मुश्किल है। कहा हम अपने अधिकार क्षेत्र का प्रयोग कर गो. विंदपुर पंचायत के विकास में अपनी भूमिका निभाउंगा । सरकार द्वारा पंचायत स्तर पर आने वाले जनकल्याणकारी योजनाओं को हर व्यक्ति तक पहुँचे इसका निर्धारण करूँगा।

## विष्णुगढ़ के करगालो में अवैध आरामिल पर चला वन विभाग का बुलडोजर

**अपेम लाइव : विष्णुगढ**
**मिथिलेश गोल्डी**



विष्णुगढ़ के करगालो में अवैध आरामिल पर छापेमारी करती वन विभाग की टीम

हजारीबाग पूर्वी वन प्रमंडल के डीएफओ सौरभ चन्द्रा के निर्देश पर विगत कई दिनों से विष्णुगढ़ में अवैध आरा मिलो के विरुद्ध लगातार सघन छापामारी अभियान जारी है। इस क्रम में सोमवार को वन विभाग की टीम ने प्रखंड के करगालो में अवैध रूप से संचालित एक आरामिल को बुलडोजर से नेस्तनाबूद कर दिया। इस कार्रवाई में आरा मशीन, हाथी तथा प्लेटफॉर्म को बुलडोजर से उखाड़ते हुए स्थल पर संग्रहित लकड़ियों को जब्त कर लिया गया। जब्त लकड़ियों की कीमत एक लाख रुपये से अधिक आंकी गई है। जब्त सभी लकड़ियों एवं उपकरणों को ट्रैक्टर पर लादकर सरिया स्थित वन प्रक्षेत्र परिसर ले जाया गया। अवैध आरामिल के खिलाफ की गई छापामारी में संचालक करगालो के पेशेवर वन अपराधी नवरत्न साव के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। छापामारी में वन क्षेत्र पदाधिकारी सुरेश राम, वनरक्षी कुंदन कुमार, संजीत वर्मा, मो. असलम, रंजन कुमार, अंशु कुमार, अमन राज, देव नारायण, शैलेश पाण्डेय आदि शामिल थे। डीएफओ ने बताया कि बीते 1 मई को भी इस आरामिल पर छापेमारी की गई थी। इसके बाद भी पुनः इसे संचालित कर दिया गया। कहा कि अवैध आरामिलो के खिलाफ छापामारी अभियान चलता रहेगा और जहां भी अवैध आरमिलो के संचालन की सूचना प्राप्त होगी, वहां इसे ध्वस्त करते हुए विधि-सम्मत कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। आगे बताया कि मार्च के अंतिम सप्ताह से अब तक एक दर्जन अवैध आरामिलो पर छापामारी की गई है और दोषी संचालकों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है।

## विष्णुगढ़ में 64 अतिसंवेदनशील तथा 99 बूथ संवेदनशील

**अपेम लाइव : विष्णुगढ**
**मिथिलेश गोल्डी**

त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव को लेकर मंगलवार को विष्णुगढ़ में मतदान होगा। इसे लेकर प्रशासनिक स्तर पर सभी तैयारियां पूरी कर ली गई है। विष्णुगढ़ के 312 केंद्रों पर मतदान होंगे। जिसमें 64 बूथ अति संवेदनशील, 99 बूथ संवेदनशील तथा 149 बूथों को सामान्य श्रेणी में रखा गया है। मतदान के लोए प्रखंड में कुल 17 क्लस्टर बनाए गए हैं। जिसमें राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय खरना, प्राथमिक विद्यालय रमुआं, मध्य विद्यालय विष्णुगढ़, मध्य विद्यालय गोविंदपुर, मध्य विद्यालय कुसुम्भा, मध्य विद्यालय बनासो, मध्य विद्यालय बकसपुरा, मध्य विद्यालय चौथा, उत्क्रमित उच्च विद्यालय बरायं, राजकीय मध्य विद्यालय अचलजामो, राजकीय मध्य विद्यालय करगालो, उत्क्रमित उच्च विद्यालय चानो, उत्क्रमित उच्च विद्यालय सारुकुदर, राजकीय मध्य विद्यालय बंदखारो, राजकीय मध्य विद्यालय गाल्होबार, मध्य विद्यालय डीभीसी कोनार डैम तथा राजकीय मध्य विद्यालय नरकी कला को क्लस्टर बनाया गया है। मतदान से एक दिन पूर्व सोमवार को सभी मतदानकर्मियों एवं पेट्रोलिंग पार्टी ने विभिन्न क्लस्टरों में योगदान दिया। क्लस्टर से मतदान केंद्र के लिए मंगलवार की सुबह मतदानकर्मी बूथ के लिए रवाना होंगे। सभी कलस्टरों में मतदानकर्मियों के लिए सोने, रोशनी तथा सुरक्षा के विशेष प्रबंध किए गए हैं। विष्णुगढ़ थाना प्रभारी जगलाल मुंडा, प्रखंड विकास पदाधिकारी संजय कुमार कोगारी, अंचलाधिकारी रामबालक कुमार ने विभिन्न मतदान केंद्रों एवं क्लस्टरों का निरीक्षण किया।

## चुनाव प्रचार के दौरान मारपीट में दूसरे पक्ष ने भी दर्ज कराया मामला

**अपेम लाइव : विष्णुगढ**
**मिथिलेश गोल्डी**



अस्पताल में इलाजरत घायल

विष्णुगढ़ पंचायत अंतर्गत मायापुर महतो टोला में शनिवार को चुनाव प्रचार को लेकर दो पक्षों के बीच हुई मारपीट की घटना को लेकर दूसरे पक्ष ने भी थाना में मामला दर्ज कराया है।थाना को दिए गए आवेदन में मंजू देवी पति संजय कुमार यादव ने कहा है कि मेरे पति अपने दोस्तों के साथ मायापुर स्कूल मैदान में क्रिकेट खेल रहे थे। इस दौरान किसी के चीखने चिल्लाने की आवाज सुनकर सभी खिलाड़ी उस और दौड़े तो देखा कि सिमरिया के अशोक यादव को अलपिटो के कुछ लोग बेरहमी से मारपीट कर रहे थे। मेरे पति ने उसे बचाने का प्रयास किया। जिसमें धनेश्वर यादव, बालेश्वर यादव, रमेश यादव, उसका मंझला भाई मुखिया प्रत्याशी सुनीता देवी, बालेश्वर यादव की पत्नी, रमेश यादव की पत्नी, राकेश यादव, दीपक यादव, भिखन रविदास, मौजी रविदास, बालेश्वर रजक, समेत लगभग डेढ़ सौ अज्ञात लोग मेरे पति पर रड व धारदार हथियार से हमला कर बुरी तरह से घायल कर दिया। एवं गले से चांदी का चौन और प०केट में रखें 700 रुपए भी निकाल लिए। इस हमले में मेरे पति के अलावा अशोक यादव धनंजय यादव, सुखदेव यादव, को भी गंभीर चोटें आई है। जिसमें अशोक यादव का इलाज मेडिका अस्पताल रांची में चल रहा है। उनकी स्थिति अत्यंत गंभीर बनी हुई है। फिलहाल वे कोमा में है। विष्णुगढ़ पुलिस मामले को लेकर जांच में जुट गई है।

## किंगमेकर बनकर उभरे बिनोद राणा, झापा मुखिया के जीत में निभाया अहम भूमिका

### सभी वर्गो को को दूँगी सम्मान, पंचायत का होगा सम्पूर्ण विकास : मुखिया

**अपेम लाइव : चौपारण**
**किशोर राणा**




झापा पंचायत का मुखिया चुनाव इस बार काफी दिलचस्प रहा। ओबीसी आरक्षण हटने के बाद झापा पंचायत का सीट अनरक्षित हो गया था। अनरक्षित सीट होने पर अक्सरहाँ पुरुषों की दावेदारी अधिक होती है लेकिन बात झापा पंचायत की करे तो इस बार पुरुषों को टक्कर देने के लिए एक मात्र महिला उम्मीदवार अन्नपूर्णा देवी ने सबको पटखनी देते हुए झापा किला को फतह किया। साहू बहुल झापा पंचायत से मुखिया का चुनाव निकालना अन्नपूर्णा देवी पति बिनोद सिंह के लिए काफी चुनौती भरा सफर था। इस चुनौती को स्वीकार कर झापा मुखिया चुनाव जिताने में किंकमेकर बनकर उभरे झापा निवासी बिनोद राणा। बिनोद राणा ने न केवल चुनौती के अनुकूल कार्य किया बल्कि पूरे चुनाव में कार्य कुशलता का प्रदर्शन कर चुनाव अपने पक्ष में किया। मुखिया बनकर अन्नापूर्णा देवी ने भी अपना जीत का श्रेय बिनोद राणा को दिया। इधर मुखिया बनने पर अन्नपूर्णा देवी ने जनता के प्रति आभार प्रकट करते हुए कहा कि सभी वर्गों का ख्याल रखूंगी व पंचायत का सर्वांगीण विकास करूँगी। मालूम हो कि अन्नपूर्णा देवी ने 1205 मत लगाकर वर्तमान मुखिया प्रतिनिधि मुकुन्द साहू को 177 मतो से पराजित कर मुखिया पद पर कब्जा जमाया।

## 24 कुंडीय विराट गायत्री महायज्ञ सह संस्कार महोत्सव का कलश यात्रा निकाली गई

**अपेम लाइव : गिरीडीह**
**प्रमोद कुमार गुप्ता**



24 कुंडीय विराट गायत्री महायज्ञ सह संस्कार महोत्सव की ओर से सोमवार को मंगल कलश यात्रा निकाली गई ।कलश यात्रा में बरनवाल सेवा समिति,गिरिडीह की ओर से मकतपुर चौक पर श्री लखन लाल बरनवाल,अध्यक्ष के नेतृत्व में कलश यात्रा में सम्मिलित भक्तजनों पर पुष्प-वृष्टि की गई एवं शुद्ध पेयजल के साथ शरबत की व्यवस्था की गई। व्यवस्था में सचिव राजेंद्र लाल बरनवाल,कोषाध्यक्ष सुबोध कुमार बरनवाल सदस्य राकेश रंजन,विनय कुमार बरनवाल, विकास कुमार नंदकिशोर बरनवाल,राजीव कुमार,मोहन सागर,संकेत कुमार आदि का सराहनीय योगदान रहा




APEM
LIVE

## ड़ा बाजार यूथ विंग के प्रयास से दो जरूरतमंद को कराया गया रक्त उपलब्ध

### लोगों को रक्तदान अवश्य करनी चाहिए ,आपका दिया हुआ रक्त किसी जरूरतमंद की बचा सकता है जान :- रितेश खण्डेलवाल

**अपेम लाइव : हजारीबाग**
**रितेश खण्डेलवाल**





हजारीबाग शहर के बड़ा बाजार यूथ विंग के द्वारा थैलेसीमिया, गर्भवती महिला एवं अन्य लोगों को रक्त उपलब्ध कराने में अपनी अहम भूमिका निभा रही है। उसी क्रम में रविवार की देर शाम एवं सोमवार को दो जरूरतमंदों को रक्त उपलब्ध करवाई गई। जिसमें प्रथम जरूरतमंद व्यक्ति हजारीबाग के बहिमार निवासी प्रयाग पांडे की धर्मपत्नी शांति देवी 55 वर्षीय है क्षितिज अस्पताल में इलाजरत के दौरान ड० के द्वारा तत्काल रक्त उपल. ब्ध कराने को लेकर परिजनों को सूचना दी गई। जिसके बाद परिजनों द्वारा बड़ा बाजार यूथ विंग से संपर्क किया गया। उसके पश्चात कल्लू चौक निवासी विवेक सिंह ने रक्तदान किया, वहीं दूसरी जरूरतमंद व्यक्ति बरकट्ठा निवासी बुधन राम 55 वर्षीय एच एम सी एच में इलाजरत के दौरान ड०क्टर द्वारा तत्काल रक्त उपलब्ध कराने को लेकर परिजनों को सूचना दी गई। जिसके बाद परिजनों के द्वारा बड़ा बाजार यूथ विंग से संपर्क किया गया उसके पश्चात महेशरा निवासी दीपक मिश्रा ने रक्तदान कर मानवता का कार्य किया। मौके पर बड़ा बाजार यूथ विंग के उपाध्यक्ष रितेश खण्डेलवाल ने दोनों रक्त दाताओं का हृदय से आभार प्रकट किया। साथ ही कहा की लोगों को रक्तदान अवश्य करना चाहिए आप का दिया हुआ रक्त,किसी जरूरतमंद की बचा सकता है जान।

## घर में लगी आग,हजारों की संपत्ति जल कर खाक

**अपेम लाइवः प्रतापपुर**
**चंदन कुमार**



प्रतापपुर (चतरा):थाना क्षेत्र के सिजुआ पंचायत के कठौन गांव निवासी पीतांबर यादव के घर में अचानक आग लग गई ।घटना सोमवार के करीब 3:30 बजे की है ।इसकी जानकारी देते हुए पीतांबर यादव का भतीजा बजरंगी यादव ने बताया कि इस अगलगी मे घर में रखे खाने पीने के अनाज ,पहनने का कपडा ,घर में रखे पलंग ,खटिया तथा बिछावन सहित अन्य जरुरी कागजात जल कर राख हो गया ।ग्रामीणों की सहायता से मोटर पंप चलाकर काफी मशक्त के बाद आग पर काबू पाया गया ।पीताबंर यादव के अन्य परिवार शादी विवाह में शामिल होने के लिए दूसरे जगह गये हुए थे ।आग लगने के कारण का अभी तक पता नहीं चल पाया है।

## डाकिया योजना के तहत बलवादोहर के दूर्गा समूह ने किया बैगा बिरहोर परिवार का चावल का बोरा का पैकिंग

**अपेम लाइवः प्रतापपुर**
**चंदन कुमार**



प्रखंड के एफसीआई गोदाम में बलवादोहर के दूर्गा समूह की महिलाओ के द्वारा बैगा बिरहोर आदिम जनजाति परिवार को सही वजन के अनुसार राशन मुहैया कराने के लिए चावल के बोरे का पैकिंग किया गया ।यह एफसीआई गोदाम मे चावल का पैंकिंग जिले के वरीय पदाधिकारी के निर्देश पर जेएसएलपीएस के तत्वाधान में समूह की महिलाओ के द्वारा किया गया ।जिससे बैगा बिरहोर को सही मात्रा मे प्रति बिरहोर परिवार को सही वजन के अनुसार 35 किलो चावल मिल सके ।तैयार चावल के पैं. कंग को डाकिया योजना से प्रखंड के विभिन्न पंचायतो व गांवो मे निवास करने वाले बैगा व बिरहोर जनजाति परिवार के पास सही समय पर पहुचाया जा सके ।बता दे कि इसके पूर्व पीभीटीजी को एफसीआई गोदाम से चावल का पैंकिंग कर बैगा बिरहोर को एमओ या अन्य कर्मियो के द्वारा भेजा जाता था। बैगा बिरहोर परिवार ने कम अन्नाज मिलने की बात कही थी ।जिसको लेकर जिले के वरीय पदाधिकारी ने बिरहोर बैगा बिरहोर को राशन मुहैया कराने के लिए सही वजन के अनुसार दिलाने के लिए जेएसएलपीएस के समूह की महिलाओ के द्वारा राशन की पैंकिंग कराने की जिम्मेदारी सौपी है।

## चतरा में बिजयी जुलुस के दौरान मुखिया समर्थकों का उत्पात, नारेबाजी करते हुए की हवाई फायरिंग

**अपेम लाइवः कान्हाचट्टी**
**प्रमोद कुमार सिंह**



हंटरगंजरूचतरा में बिजयी जुलुस के दौरान मुखिया समर्थकों का उत्पात, नारेबाजी करते हुए की हवाई फायरिंग। देवी मंडप की मूर्ति को भी विखंडित करने का लगा गंभीर आरोप। हंटरगंज प्रखंड के जोरी पंचायत के निर्वाचित मुखिया शमशाद मियां व समर्थकों पर लगा गंभीर आरोप। घटना के विरोध में सड़क पर उतरे जोरी के ग्रामीण। एनएच 99 चतरा-गया मुख्य मार्ग को किया जाम। घटना की साथ मौके पर पहुंचे सूचना पाकर दलबल के डीएसपी मुख्यालय केदारनाथ राम व एसडीपीओ अविनाश कुमार। दंगा विरोधी दस्ते को भी किया गया तैनात। सदर, जोरी और हंटरगंज के थाना प्रभारी समेत अन्य पुलिस पदाधिकारी भी मौके पर कर रहे कैम्प। आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग पर डटे आक्रोशित लोगों को समझा-बुझाकर जाम हटाने का किया जा रहा प्रयास। मुखिया समर्थकों का हवाई फायरिंग का वीडियो सोशल मीडिया पर हुआ वायरल। आधी रात को निकाला गया था जुलुस।

## जोरी मंडल के भाजपाईयो ने नवनिर्वाचित जिला परिषद संख्या 9 के सदस्य शांति देवी का किया गया भव्य स्वागत

**अपेम लाइवः प्रतापपुर**
**चंदन कुमार**



हन्टरगंज प्रखंड के जिला परिषद संख्या 09 के नवनिर्वाचित सदस्य को मतगणना के दौरान जीत मिलने पर जोरी मंडल के सैकडो भाजपाईयो ने बीच बाजार में रोक कर भव्य रूप से स्वागत किया ।इस दौरान लोगो ने श्रीमति शांति देवी को फुलो के माला पहनाकर भव्य रूप से स्वागत किया ।भाजपा संगठन के इस कार्यक्रम का नेतृत्व जोरी भाजपा मंडल के मंडल अध्यक्ष जितेन्द्र सिंह के द्वारा किया गया ।मौके पर नवनिर्वाचित जिला परिषद सदस्य श्रीमति शांति देवी ने कहा कि मेरी जीत दिलाने वाले सभी समर्थको, व कार्यकर्ताओ को मै आभार व्यक्त करती हुं ।मै जिला,प्रखंड, पंचायत, व गांव में पारदर्शी सरकार बनाने के साथ विकास के लिए कार्य करूंगी। गरीबे,असहायों, मजदूरो का मदद व सहयोग का पुरा ख्याल रखुंगी ।जरूरत मंदो को सहयोग किया जाएगा, तथा बडो,बुजुर्गो,छोटो को मान,सम्मान, भाव व प्रतिष्ठा का पुरा ख्याल रखा जाएगा ।मौके पर भाजपा मंडल अध्यक्ष जितेन्द्र सिंह, भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष प्रदीप केशरी,जिला संयेजक रिंकु सिंह,युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष राजेश यादव, मंडल मंत्री सोनी गुप्ता, पूर्व पं स राजू राय,नुनु केशरी,रमेश राम सहित कई गणमान्य भाजपा के नेता,व कार्यकर्ता शामिल थे।

## मुखिया प्रत्याशी शफीउल्लाह अंसारी ने चलाया जनसंपर्क अभियान

**अपेम लाइवः बडकागॉव**
**अमित मालाकार**




बड़कागांव प्रखंड के डाड़ी कलाँ पंचायत से मुखिया पद के उम्मीदवार शफी. उल्लाह अंसारी ने अपने सैकड़ो समर्थकों के साथ जनसंपर्क अभीयान चलाकर अपने पक्ष में मतदान करने की अपील की इस दौरान उन्होंने अपने पंचायत के डाड़ी कलाँ, चेपा खुर्द, कनकी डाड़ी आदि गाँव में घर घर जाकर लोगो से मिलकर अपने पक्ष में चुनाव चिन्ह सिमला मिरची छाप क्रमांक संख्या 10 पर मतदान करने को कहा। मतदाताओं ने अश्वस्त किया की पहली बार कोई शिक्षित एवं सूझबूझ वाला उम्मीदवार डाड़ी कलाँ पंचायत से आया है निश्चित तौर पर विजय प्राप्त होगी। उन्होंने कहा कि पिछ्ले कई वर्षो से डाड़ी कलाँ पंचायत का विकास में सिर्फ खानापूर्ति हुई हैं। जनता पंचायत के भ्रष्टाचार मुक्त करने के लिए हर संभव सहयोग करे। जनता का हर दुख सुख में साथ रहूंगा और सरकार का हर योजनाओं को गरीबों तक पहुंचाने का काम करूंगा। अगर जनता का सहयोग मिला तो डाड़ी कलाँ पंचायत के सर्वांगीण विकास करूँगा। इस मौके पर मशकुर आलम, बर. कतउल्ला, शमीम अहमद, अजहरुद्दीन मियां, अयूब अली, इलियास अंसारी, मोहम्मद रिजवान, आसिफ अली, मोहम्मद अरशद, फैयाज आलम, साबिर ज़कीउल्लाह, इनामुल मो0 तफ़ाजुल, नसरुल्लाह, मो0मोजिबुल्लाह, रफीक हुसैन, मो0 शाहिद, के अलावा सैकड़ों लोग उप. स्थित थे।

## जिला परिषद सदस्य उम्मीदवार रेखा देवी ने किया रोड शो कर अपने समर्थन में मांगा वोट

**अपेम लाइवः बडकागॉव**
**अमित मालाकार**



पश्चिमी जिला परिषद सदस्य उम्मीदवार रेखा देवी पति समाजसेवी राजेश कुमार गुप्ता अपने समर्थकों के साथ सोमवार को बड़कागांव पश्चिमी भाग 21 से विभिन्न गांवों का रोड शो के माध्यम से अपने पक्ष में मतदान करने के लिए क्रम संख्या 7 बक्सा चुनाव चिन्ह पर मुहर लगाने की अपील कर रोड शो कीया। तत्पश्चात बड़कागांव काली मंदिर में पूजा अर्चना के बाद बड़कागांव गुरु चट्टी मुख्य चौक, बड़कागांव सूर्य मंदिर, नटराज नगर, लंगातू जुगरा, चेपा कला, डाडी , सीदवारी, आराहरा, महटिकरा, सीकरी, पारपाइन, चोरका, पड़रिया, छवनिया, सिरमा आदि गांव का रोड शो किए। इसमें मुख्य रूप से शिव शंकर प्रसाद गुप्ता उर्फ भूलन साव, हजारीबाग कांग्रेस जिला उपाध्यक्ष कजरू साव, राजेश कुमार गुप्ता, सरोज गुप्ता, नरेंद्र कुमार, अंकित गुप्ता, रितिक कुमार, गुप्ता सोनू गुप्ता, नवीन ठाकुर, विनय कुमार गुप्ता, उदयसिंह ,लक्ष्मी देवी, ललिता देवी ,द्रोपदी देवी एवं अन्य लोग उपस्थित थे।

APEM LIVE